Title: Demanded that the Government should open sugar mills in different areas of Bihar because of closure of existing mills.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, देश की आजादी के समय बिहार देश का सबसे बड़ा दूसरा चीनी उत्पादक राज्य था। उस समय हमारे राज्य में चीनी मिलों की संख्या 32 थी। 29 उत्तर बिहार और 10 मध्य बिहार में थीं। आज की तारीख में लगभग 22 चीनी मिलें बन्द पड़ी हुई हैं जिनके कारण हजारों की संख्या में मजदूर एवं लाखों की संख्या में गन्ना उत्पादक किसान भुखमरी की स्थिति में पहुंच गए हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि देश की जनसंख्या के लिहाज से दूसरे नंबर के सबसे बड़े राज्य बिहार में देश की आजादी के बाद भारत सरकार की ओर से एक भी चीनी मिल की स्थापना नहीं हुई है। अस्तु मैं मांग करता हूं कि एक दर्जन चनी मिलें गोपालगंज, सिवान, मुजफ्फरपुर, वैशाली, शिवहर एवं सीतामढ़ी आदि स्थानों पर खोलने की कार्रवाई भारत सरकार करे ताकि इसका लाभ वहां के किसानों को मिल सके।

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (CHHAPRA): Sir, I would like to raise a very important matter relating to a Member. Please give me two minutes....(*Interruptions*)